मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-523**
**18/10/2021**

# मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को ईद–ए–मीलाद–उन–नबी की शुभकामना एवं बधाई दी

पटना, 18 अक्टूबर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पैगम्बर–ए–इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन 'ईद–ए–मीलाद–उन–नबी' के पाक अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब की तालीम पूरे मानव समाज के फलाह, तरक्की और खुशनुदी के लिए थी। उनका पैगाम, प्रेम, सहिष्णुता, शांति एवं विश्व बन्धुत्व का था।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पारस्परिक सौहार्द्र, आपसी प्रेम एवं सहिष्णुता के साथ ईद–ए–मीलाद–उन–नबी मनाने का आह्वान किया।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग जरूर करें।

******